प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 09.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत ने 1998 के बाद से 2017 में ही एक नई स्वास्थ्य नीति विकसित की है। नई दिल्ली में फिक्की हील 2025 को संबोधित करते हुए, श्री नड्डा ने कहा कि 1 लाख 70 हज़ार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण ने देश में स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाया है। श्री नड्डा ने बताया कि आयुष्मान भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज बनकर उभरा है।

****

"भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई कहता है" पहल के अंतर्गत मीडिया के विभिन्न माध्यमों से लोगों के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। रिजर्व बैंक ने जन–जागरूकता संदेशों और महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने के लिए अप्रैल 2025 में सत्यापित व्हाट्सएप चौनल भी शुरू किया था। इस पहल के माध्यम से रिजर्व बैंक का उद्देश्य महत्वपूर्ण वित्तीय जानकारी लोगों को आसान, सीधे और प्रभावी ढंग से सुलभ कराना है। लोगों को अब रिजर्व बैंक के व्हाट्सएप नम्बर पर आधिकारिक रूप से जानकारी मिल सकती है। ये नम्बर हैं – 9 9 9 9 0 4 1 9 3 5 और 9 9 3 0 9 9 1 9 3 5, उपयोगकर्ताओं को सलाह दी गई है कि रिजर्व बैंक के केवल आधिकारिक खातों को ही फोलो करें, जिस पर नीले रंग का सही का निशान आता हो।

****

जामताड़ा में केंद्र एवं राज्य सरकार की पहल पर विद्यालयों और महाविद्यालयों में यक्ष्मा एवं यौन संक्रमण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज जामताड़ा महिला महाविद्यालय में छात्राओं को यक्ष्मा और यौन संक्रमण से बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर विशेषज्ञ आशीष कुमार चौबे और परामर्शी सुनील कुमार दुबे ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों से अवगत कराया।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की रद्द की गई स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी खामियों का हवाला देकर परीक्षा रद्द करना युवाओं के साथ विश्वासघात है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक नुकसान हुआ है। श्री मरांडी ने मांग की कि सरकार पारदर्शी ढंग से जल्द परीक्षा आयोजित करे और अभ्यर्थियों के आवागमन का खर्च वहन करे।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के महान उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अपने एक्स हैंडल पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण और औद्योगिक विकास में रतन टाटा का योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रतन टाटा की दूरदर्शिता और देश की प्रगति के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

****

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत आरपीएफ बरहरवा पोस्ट की टीम ने साहिबगंज के बरहरवा रेलवे स्टेशन से छह नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। नियमित गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में मिले बच्चों को संरक्षण में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। सभी बच्चों को काउंसलिंग और पुनर्वास के लिए बाल संरक्षण इकाई साहिबगंज को सौंप दिया गया।

****

धनबाद जिले में आस्था के महापर्व छठ की तैयारी जोर–शोर से चल रही हैं।

****

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार कल राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार दक्षिणी बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में बने निम्न दबाव के कारण राज्य में बारिश हो सकती है।

****

महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में, आज विशाखापत्तनम में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार अब से कुछ देर में दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा।

*********समाप्त**********